राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उदयपुर

क्रमांक : भर्ती/UTB/2023/7728 दिनांक : 08.08.2023

-: विज्ञप्ति :-

श्रीमान शासन संयुक्त सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप-2) विभाग राजस्थान जयपुर के आदेश क्रमांक प.22 (03) चिस्वा/2/2023 दिनांक 23.06.2023 की स्वीकृति सं. 48/2023-24 श्रीमान निदेशक (अराजपत्रित) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें राजस्थान जयपुर के पत्रांक अराज/यूटीबी/2023/392 दिनांक 04.08.2023 द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन एवं सहायक रेडियोग्राफर के स्पष्ट रिक्त पदों को आवश्यक अस्थाई आधार यूटीबी पर विभाग के समसंख्यक आदेश प.1(1)चिस्वा/2/2014 दिनांक 04.10.2014 एवं 09.11.2017 की पालना में उक्त पदों के लिये विज्ञप्ति जारी दिनांक से दिनांक 18.08.23 को सायं 06.00 बजे तक दिये गये लिंक **https://forms.gle/pGiLvFiPS94nA8Xi8** पर आवेदन ऑनलाईन भर सकते हैं।

पदों को निम्न शर्तों के अध्यधीन भरे जायेंगे :

1. उक्त पद दिनांक 31.03.2024 अथवा पदों पर नियमित कार्मिक उपलब्ध होने तक जो भी पहले हो, तक लगाया जायेगा।
2. यूटीबी आधार पर उक्त पदों को भरे जाने के संबंध में राजस्थान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा नियम 1963 एवं अधीनस्थ सेवा नियम 1965 तथा समय-समय पर संशोधित नियम तथा भर्ती नियम मय अनुभव आधारित बोनस अंक की पालना की जायेगी।
3. वर्गवार आरक्षण एवं रोस्टर के नियमों की पालना सुनिश्चित की जायेगी।
4. इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा जारी समय-समय पर नियमों/आदेशों/परिपत्रों आदि की पूर्ण पालना की जायेगी।
5. वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ. 16(5) एफडी/रूल्स/2014 दिनांक 03.07.2023 के अनुसार वेतन/मानदेय देय होगा।
6. यूटीबी आधार पर नियुक्ति हेतु चयनित/पात्र कार्मिकों के पदस्थापन प्राथमिकता के आधार पर पूर्णतया पद नव स्वीकृत सीएचसी/पीएचसी ऐसी सीएचसी जहां 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं तथा सीमावर्ती/जनजाति क्षेत्रों आदि में स्थित चिकित्सा संस्थानों पर किया जायेगा।
7. चयन सूची में स्थानीय अभ्यर्थीयों को वरीयता दी जायेगी तथा पदों में कमी की जा सकती है।
8. अभ्यर्थी राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल/राजस्थान फार्मेसी कौंसिल से आवेदन की अंतिम तिथि तक रजिस्टर्ड होना आवश्यक है।
9. चयन प्रक्रिया को किसी प्रकार से प्रभावित करने पर उम्मीदवार के आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा। प्रार्थी का जिला स्तरीय कमेटी द्वारा विभाग के रिक्त पद के विरुद्ध जिस स्थान हेतु पदस्थापन किया जायेगा, उसी स्थान पर कार्य करना होगा।
10. पूर्व में किये गये ऑफलाईन आवेदन भी उपरोक्त लिंक पर पुनः आवेदन करने अनिवार्य है अन्यथा ऑफलाईन आवेदनों को भर्ती प्रकिया में शामिल नहीं किया जावेगा।

Rajasthanjobportal.com

पदनाम	न्यूनतम योग्यता	पदों की संख्या
फार्मासिस्ट	Diploma in Pharmacy: and Registered as pharmacist in Rajasthan Pharmacy Council.	29
लैब टेक्निशियन	Senior Secondary in Science with either Biology or Mathematics or its equavalent with Diploma in Medical Lab Technician from an institute recognized by the State Government, Central Government. Rajasthan Para Medical Council and Registered in Rajasthan Para Medical Council.	10
सहायक रेडियोग्राफर	Senior Secondary in Science with either Biology or Mathematics with Radiography Course passed from an institute recognized by the State Government, Central Government, Rajasthan Para Medical Council and Registered in Rajasthan Para Medical Council.	05

(डॉ. शंकर एच बामनिया)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
उदयपुर (राज.)